HINDUSTAN PAGE 6

बीबीए, बीकॉम, डीफार्मा की मेरिट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक प्रवेश में चार पाठ्यक्रमों की दूसरी मेरिट जारी कर दी है। बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीबीए और डी-फार्मा की दूसरी मेरिट अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। दूसरी सूची में चयनित अभ्यर्थियों को नौ अगस्त तक सीट आवंटन शुल्क जमा करना होगा।

निवेदिता हॉस्टल में फ्रेंडशिप डे मनाया गया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के निवेदिता हॉस्टल में रविवार का खुशनुमा माहौल था। यंहा पर फ्रेंडशिप डे का आयोजन हुआ। जिसमें विदेशी छात्राओं ने खूब मस्ती करने के साथ विविध गेम भी खेले। छात्राओं ने आइस ब्रेकिंग, ह्यूमन नॉट, म्यूजिकल चेयर जैसे खेलो में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। समारोह में नामीबिया, अफगानिस्तान, कजाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, तंजानिया समेत और अन्य देशों की छात्राएं शामिल हुई।

शिक्षकों को शोध प्रकाशन पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

04 वर्ग प्रोत्साहन के लिए बनाए गए हैं

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षकों के शोध अगर नामी इंडेक्स पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं तो उन्हे प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय ने क्वार्टाइल एक्सेल योजना शुरू कर दी है, जो विश्वविद्यालय के अध्यापकों को स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में अपने शोध कार्य को प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

योजना के अन्तर्गत प्लैटिनम, गोल्ड, सिल्वर और ब्रांच क्वार्टाइल प्रोत्साहन चार वर्ग बनाए गए हैं। प्लैटिनम में आठ हजार रुपए, गोल्ड में छह हजार, सिल्वर में चार हजार और कांस्य के लिए 2000 रुपए की प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। इसके साथ ही प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार 10 हजार रुपए धनराशि का मिलेगा। उत्कृष्टता पुरस्कार शीर्ष 50 स्कोप्स पत्रिकाओं में प्रकाशन पाने वाले अध्यापको को मिलेगा। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि इस योजना से शोध को बढ़ावा मिलेगा।

एलयू : रैंकिंग में सुधार की तैयारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग दोनों में उच्च रैंक हासिल करने का लक्ष्य बनाया है।

विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ में शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में 500 विश्वविद्यालयों की सूची में शामिल होने की तैयारी शुरू कर दी है। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने टीमों का गठन किया है जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट मानदंड में प्रदर्शन का विश्लेषण करने और उसे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : रैंकिंग में सुधार के लिए मंथन

लखनऊ। नैक में ए प्लस प्लस ग्रेड हासिल करने के बावजूद एनआईआरएफ और क्यूएस विश्व रैंकिंग में अच्छा स्थान लाने के लिए लविवि ने मंथन शुरू कर दिया है। लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव के अनुसार रैंकिंग सुधारने के लिए लविवि में डेटा विश्लेषण की समर्पित टीम बनाई गई है। इस टीम ने बैठक करके लविवि को एनआईआरएफ में शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों और क्यूएस वर्ल्ड में शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों में स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा है। (माई सिटी रिपोर्टर)

आज आएगी दूसरी आवंटन सूची

लखनऊ। लविवि में सोमवार को बीकॉम, बीकॉम ऑनर्स, बीबीए और डीफॉर्मा पाठ्यक्रमों की दूसरी आवंटन सूची आएगी। अभ्यर्थी अपनी लॉगइन आईडी में जाकर आवंटन की जांच कर सकते हैं। आवंटन पाने वाले अभ्यर्थियों को नौ अगस्त तक अपनी फीस जमा करनी होगी। लविवि ने पहली आवंटन सूची एक अगस्त को जारी की थी। इसके बाद तीन अगस्त तक विद्यार्थियों को फीस जमा करने का मौका दिया गया था। फीस जमा करने के बावजूद अभी काफी सीटें खाली बची हैं। इसको देखते हुए लविवि प्रशासन ने दूसरी आवंटन सूची जारी करने का फैसला किया है। इस सूची के बाद भी सीट खाली बचने पर तीसरी आवंटन सूची जारी होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

शोध प्रोत्साहन के लिए शिक्षकों को नकद पुरस्कार देगा लविवि

माई सिटी रिपोर्टर

स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशन के लिए शुरू हुई क्वार्टाइल-एक्सेल योजना

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शिक्षकों को नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसके अनुसार स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में शोधपत्र प्रकाशन के लिए 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना शुरू की जा रही है।

लविवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना के तहत चार श्रेणी में पुरस्कार दिए जाएंगे। पहली श्रेणी में आठ रुपये की प्लैटिनम क्वार्टाइल प्रोत्साहन राशि, दूसरी में छह हजार रुपये की स्वर्ण क्वार्टाइल, तीसरी में चार हजार रुपये की सिल्वर क्वार्टाइल और चौथी में दो हजार रुपये की कांस्य क्वार्टाइल प्रोत्साहन राशि है। इसके साथ ही प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार के तहत 'क्वार्टाइल-एक्सेल' के तहत शीर्ष 50 स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशन करने पर 10 हजार रुपये पुरस्कार दिए जाएंगे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय सहयोग निधि योजना में स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ संयुक्त अनुसंधान और संयुक्त प्रकाशन के लिए प्रति प्रकाशन तीन हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। लविवि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के अनुसार अत्याधुनिक अनुसंधान और ज्ञान सृजन को बढ़ावा देने में योजनाएं सहयोग करेंगी। डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना के तहत पुरस्कार विजेताओं को एक प्रतिष्ठित समारोह में प्रमाणपत्र और मौद्रिक प्रोत्साहन के साथ सम्मानित किया जाएगा।

i-NEXT PAGE IV

बेहतरीन रिसर्च को एन्करेज करने के लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी की खास योजना

रिसर्च को 'क्वार्टाइल एक्सेल' का बूस्ट

i SPECIAL

बेहतरीन शोधों को बढ़ावा देने के लिए क्वार्टाइल एक्सेल योजना

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (6 Aug): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में रिसर्च प्रकाशनों को बढ़ावा देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए क्वार्टाइल-एक्सेल योजना शुरू की है. डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को कार्यकारी परिषद ने मंजूरी दे दी है. यह प्रस्ताव क्वार्टाइल एक्सेल योजना है, इसके तहत विवि के टीचर्स को रिसर्च की क्वालिटी मेनटेन करते हुए स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में उनके रिसर्च को पब्लिश करने के लिए प्रेरित करेगी.

रिसर्च का लक्ष्य होगा पूरा

प्रो. पूनम टंडन के मुताबिक, यह योजना बहुत प्रभावी साबित होने वाली है. इसके तहत स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशन के लिए संकाय को प्रोत्साहित करके, एलयू का रिसर्च में जो लक्ष्य है, उसे पूरा किया जा सकता है. क्वार्टाइल एक्सेल योजना में टीचर्स के लिए कई तरह के प्रोत्साहन और मान्यता का भी प्रावधान किया गया है. उनका कहना है कि इस तरह की योजना से टीचर्स मोटिवेट भी होंगे और अपने काम को और बेहतरीन तरीके से करेंगे.

08 हजार प्लैटिनम क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू1) के लिए

● एलयू शुरू कर रहा योजना, संकाय सदस्यों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

क्वार्टाइल रैंकिंग के आधार पर विशेष प्रोत्साहन

योजना के तहत संकाय सदस्यों को स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं की क्वार्टाइल रैंकिंग के आधार पर विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा. मसलन प्लैटिनम क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू1), गोल्ड क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू2), सिल्वर क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू3) और कांस्य क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू4) जैसी अलग-अलग कैटेगरीज में इन्हें बांटकर प्रोत्साहन राशि मुहैया कराई जाएगी.

प्रोत्साहन राशि पर एक नजर

- प्लैटिनम क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू1) के लिए 8 हजार रुपये
- सिल्वर क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू3)के लिए 4 हजार रुपये
- गोल्ड क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू2) के लिए 6 हजार रुपये
- ब्रांज क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू4) के लिए 2 हजार रुपये

मिलेगा प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार

क्वार्टाइल-एक्सेल शीर्ष 50 स्कोपस पत्रिकाओं मे प्रकाशित होने वाले टीचर्स को प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार देगा. यह पुरस्कार लखनऊ यूनिवर्सिटी के टीचर्स को अहम रिसर्च के लिए दिया जाएगा. पुरस्कार राशि दस हजार रुपये होगी. इसके लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग निधि केजरिए प्रति प्रकाशन अनुदान तीन हजार रुपये होगा, इसके तहत अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा.

"इस दूरदर्शी योजना के जरिए एलयू एक ऐसा वातावरण बनाने की कोशिश कर रहा है, जो अत्याधुनिक अनुसंधान को प्रेरित करता है. साथ ही, ज्ञान सृजन को बढ़ावा देता है और समाज और शिक्षा जगत की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देता है. **प्रो. आलोक कुमार राय,** वीसी, एलयू

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : रैंकिंग में शीर्ष लक्ष्य पाने पर बनी रणनीति

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआइआरएफ) में शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों और क्यूएस वर्ल्ड में शीर्ष 500 विश्वविद्यालयों में स्थान हासिल करने के लक्ष्य को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है। इसको लेकर शनिवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में बैठक कर टीम के सदस्यों के साथ समीक्षा कर रणनीति बनाई गई।

बैठक में हुई की गई प्रस्तुतियों में पिछले वर्षों के डेटा विश्लेषण का प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा टीमों ने रैंकिंग प्रदर्शन में और सुधार के लिए उपायों का प्रस्ताव रखा। रैंकिंग सेल की निदेशक प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा ने शिक्षण और सीखने के संसाधनों पर अपनी प्रस्तुति दी। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने "अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास" का विश्लेषण और प्रोफेसर आरबी सिंह ने स्नातक परिणाम पर डेटा प्रस्तुत किया। इसके अलावा प्रोफेसर पंकज माथुर ने आउटरीच और समावेशिता के लिए मूल्यवान रणनीतियों को साझा किया। प्रोफेसर सतेंद्र पाल सिंह ने भी अपनी प्रस्तुति से वैश्विक मंच पर विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को आकार देने में इस मीट्रिक के महत्व पर जोर दिया।

NBT PAGE 6

रैंकिंग के लिए रिसर्च पर फोकस करेगा LU

विवि में क्वार्टाइल-एक्सेल योजना शुरू, शिक्षकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

एलयू ने स्कोपस इंडेक्स्ड जर्नल पत्रिकाओं में रिसर्च जर्नल को बढ़ावा देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता की वृद्धि के लिए अब 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना शुरू की है। इसमें एलयू के जिन शिक्षकों की रिसर्च स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशित होंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।

एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय के मुताबिक, नैक, एनआईआरएफ और क्यूएस जैसी वर्ल्ड रैंकिंग के दौरान विशेषज्ञ देखते हैं कि किसी भी विवि या कॉलेज में शिक्षकों के रिसर्च स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं कि नहीं। प्रकाशित होने पर उन्हें अच्छी ग्रेडिंग मिलती है। ऐसे में यह प्रयास काफी कारगर साबित होगा। अभी स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में एलयू के शिक्षकों के रिसर्च पेपर कम होने के कारण एलयू को एनआईआरएफ और क्यूएस ग्रेडिंग में नुकसान उठाना पड़ रहा है। लिहाजा शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने के लिए 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना शुरू की गई है। कार्यकारी परिषद ने डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन की ओर से प्रस्तुत 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना को मंजूरी दे दी है।

स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में शिक्षकों के अनुसंधान प्रकाशित होने पर वर्ल्ड रैंकिंग में मिलता है वेटेज

क्वार्टाइल रैंकिंग के आधार पर प्रोत्साहन

प्रवक्ता डॉ.दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि संकाय के सदस्यों को स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं की क्वार्टाइल रैंकिंग के आधार पर विशिष्ट प्रोत्साहन मिलेगा। प्लैटिनम क्वार्टाइल प्रोत्साहन (Q1) में ₹8000, गोल्ड क्वार्टाइल प्रोत्साहन (Q2) में ₹6000, सिल्वर क्वार्टाइल प्रोत्साहन (Q3) में ₹4000 और ब्रॉन्ज क्वार्टाइल प्रोत्साहन (Q4) में 2000 रुपये दिए जाएंगे।

शिक्षकों को प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार भी

'क्वार्टाइल-एक्सेल' शीर्ष 50 स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशन प्राप्त करने वाले अध्यापकों को प्रतिष्ठित प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार दिया जाएगा। ये पुरस्कार विवि के अध्यापकों को उनके अत्यंत महत्वपूर्ण अनुसंधान में योगदान के लिए होगा। इसमें पुरस्कार राशि: 10000 रुपये तक होगी। इससे शिक्षकों को काफी प्रोत्साहन मिलेगा और विवि में शैक्षिक स्तर पर बढ़ावा मिलेगा।

वर्ल्ड रैंकिंग के लिए LU वीसी ने की समीक्षा

■ एनबीटी सं, लखनऊ : राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में उच्च रैंक हासिल करने के लिए बीते दिनों एलयू वीसी प्रो.आलोक कुमार राय ने पांच टीमों का गठन किया। इन टीमों ने रविवार को अलग-अलग मापदंडों पर अपनी रिपोर्ट वीसी के सामने पेश की। इसके लिए प्रो. गीतांजलि मिश्रा, डीन एकेडमिक्स प्रो.पूनम टंडन, प्रो.आरबी सिंह, प्रो.पंकज माथुर और प्रो.सतेंद्र पाल सिंह को कार्यभार सौंपा गया था। समीक्षा के बाद वीसी ने कहा कि इस बार एनआईआरएफ में शीर्ष 100 में आना लक्ष्य है। वहीं क्यूएस वर्ल्ड में शीर्ष 500 में स्थान हासिल करना है। इन टीमों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।

जॉइंट रिसर्च करने पर भी मिलेगा पुरस्कार

इस योजना में कोई शिक्षक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ जॉइंट रिसर्च करके पेपर स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशित कराता है तो उसे भी पुरस्कार दिया जाएगा। इसमें प्रति प्रकाशन अनुदान 3000 रुपये मिलेगा। वीसी का कहना है कि 'क्वार्टाइल-एक्सेल' एलयू में शोध-संचालित शैक्षणिक संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रभावशाली शोध करने के लिए अध्यापकों के समर्पण को पहचानने की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन का कहना है कि स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में एलयू के शिक्षकों के अनुसंधान प्रकाशित होंगे तो इससे एक बड़ा बदलाव आएगा। 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना के तहत विजेताओं को एक प्रतिष्ठित समारोह में प्रमाणपत्र और प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना से विवि को काफी फायदा मिल सकता है।

HT PAGE 4

LU launches 'Quartile Excel' Scheme to encourage research

HT Correspondent
letters@htlive.com

LUCKNOW : In an effort to promote research publications in Scopus indexed journals and recognise faculty excellence, the University of Lucknow has launched the 'Quartile-Excel' Scheme. The recent development comes after the executive council approved a proposal presented by Dean Academics Professor Poonam Tandon.

The proposal introduces the innovative 'Quartile-Excel' Scheme, an incentive program designed to empower faculty members and incentivise them to publish their research work in Scopus indexed journals while upholding the highest standards of research quality.

The scheme offers incentives and recognition measures to foster a research-driven academic culture. Key features of the scheme include -- Quartile-Based Incentives. Faculty will receive specific incentives based on the quartile ranking of the Scopus indexed journals in which their research is published. Higher quartile rankings will be associated with higher incentives, providing a compelling motivation to strive for top-tier publications.

AWARDEES UNDER THE SCHEME WILL BE PROVIDED WITH MONETARY AIDS & CERTIFICATES.

Professor Poonam Tandon said, "The awardees under the 'Quartile-Excel' Scheme will be honoured in a ceremony with certificates and monetary incentives. The monetary incentive will be equally shared among all contributors from the Lucknow University, reinforcing the importance of collaborative research endeavours."

Through this visionary scheme, the University of Lucknow endeavours to create an environment that inspires cutting-edge research, promotes knowledge creation, and contributes significantly to the advancement of society and academia, she said.

V-C Prof Alok Kumar Rai expressed his enthusiasm about the new scheme, saying the university's dedication to promoting cutting-edge research and knowledge creation.

स्कोपस इंडेक्स में शोध के प्रकाशन पर मिलेगा पुरस्कार

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अब स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में शोध प्रकाशित करने वाले अपने शिक्षकों को पुरस्कृत करेगा। अनुसंधान प्रकाशनों को बढ़ावा देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए विश्वविद्यालय ने 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना की शुरुआत की है। शनिवार को हुई कार्य परिषद की बैठक में डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई।

डीन एकेमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि 'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना लखनऊ विश्वविद्यालय में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के प्रोत्साहन और मान्यता उपाय प्रदान करेगी। शिक्षकों को यह पुरस्कार देने के लिए समारोह भी आयोजित किया जाएगा।

क्वार्टाइल आधारित प्रोत्साहन

इसमें संकाय सदस्यों को स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं की क्वार्टाइल रैंकिंग के आधार पर विशिष्ट प्रोत्साहन प्राप्त होगा। प्लैटिनम क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू-1) में शोध प्रकाशित होने पर 8000 रुपये, स्वर्ण क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू2) में 6000 रुपये, सिल्वर क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू 3) में 4000 रुपये और कांस्य क्वार्टाइल प्रोत्साहन (क्यू 4) में 2000 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

'क्वार्टाइल-एक्सेल' योजना अध्यापकों को अनुसंधान गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में अपने शोध कार्य को प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

-प्रो.आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार

'क्वार्टाइल-एक्सेल' शीर्ष 50 स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशन प्राप्त करने वाले शिक्षकों को प्रतिष्ठित प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करेगा। इसमें उन्हें पुरस्कार राशि 10,000 रुपये मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग निधि

यह योजना स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ संयुक्त अनुसंधान के संयुक्त प्रकाशन के लिए पुरस्कार प्रदान करके इसमें प्रति प्रकाशन अनुदान तीन हजार रुपये मिलेगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुरू की क्वार्टाइल एक्सेल योजना

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के दूरदर्शी नेतृत्व में अनुसंधान उत्कृष्टता और शैक्षणिक विकास पके लिए प्रतिबद्ध है। इस दृष्टिकोण के अनुरूप कार्यकारी परिषद ने डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन द्वारा प्रस्तुत एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव नवोन्मेषी क्वार्टाइल.एक्सेल योजना पेश करता है,जो विश्वविद्यालय के अध्यापकों को अनुसंधान गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में अपने शोध कार्य को प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। क्वार्टाइल एक्सेल योजना विवि में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के प्रोत्साहन और मान्यता उपाय प्रदान करती है। योजना की मुख्य विशेषताओं में शामिल हैं। क्वार्टाइल आधारित प्रोत्साहन संकाय सदस्यों को स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं की क्वार्टाइल रैंकिंग के आधार पर विशिष्ट प्रोत्साहन प्राप्त होगा जिसमें उनका शोध प्रकाशित होता है। उच्च क्वार्टाइल रैंकिंग उच्च प्रोत्साहन के साथ जुड़ी होगी, जो शीर्ष स्तरीय प्रकाशनों के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगी।

प्लैटिनम क्वार्टाइल प्रोत्साहन -8000 रुपये
स्वर्ण क्वार्टाइल प्रोत्साहन-6000 रुपये
सिल्वर क्वार्टाइल प्रोत्साहन-4000 रुपये
कांस्य क्वार्टाइल प्रोत्साहन-2000 रुपये

प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार : क्वार्टाइल-एक्सेल शीर्ष 50 स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशन प्राप्त करने वाले अध्यापकों को प्रतिष्ठित प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करेगा। ये पुरस्कार विश्वविद्यालय के अध्यापकों को उनके अत्यंत महत्वपूर्ण अनुसंधान योगदान की लिये सम्मानित करेगा।

पुरस्कार राशि10,000 रुपये

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग निधि: यह योजना स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ संयुक्त अनुसंधान के संयुक्त प्रकाशन के लिए पुरस्कार प्रदान करके अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित करेगी।

प्रति प्रकाशन अनुदान 3000 रुपये

क्वार्टाइल.एक्सेल लविवि में शोध-संचालित शैक्षणिक संस्कृति को बढ़ावा देने और प्रभावशाली शोध करने के लिए अध्यापकों के समर्पण को पहचानने की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशन के लिए संकाय को प्रोत्साहित करके विश्वविद्यालय का लक्ष्य अनुसंधान को बढ़ाना देते हुए अपनी वैश्विक पहचान को और अधिक सुदृढ करना है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने अत्याधुनिक अनुसंधान और ज्ञान सृजन को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण पर जोर देते हुए नई योजना के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहाए ‘कुलपति जी अध्यापकों को और अनुसंधान विद्वानों को स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में अपने काम को प्रकाशित करने के लिए अत्यधिक प्रोत्साहित कर रहे हैंए और क्वार्टाइल.एक्सेल योजना इस दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम होगी। क्वार्टाइल.एक्सेल योजना के तहत पुरस्कार विजेताओं को एक प्रतिष्ठित समारोह में प्रमाणपत्र और मौद्रिक प्रोत्साहन के साथ सम्मानित किया जाएगा। सहयोगात्मक अनुसंधान प्रयासों के महत्व को सुदृढ करते हुएए मौद्रिक प्रोत्साहन को विश्वविद्यालय के सभी योगदानकताओं के बीच समान रूप से साझा किया जाएगा।

AMRIT VICHAR PAGE 4

रैंकिंग में उच्च स्थान के लिए लविवि प्रयासरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग दोनों में उच्च रैंक हासिल करने की दिशा में प्रयास कर रहा है।

एनआईआरएफ रैंकिंग में पांच महत्वपूर्ण मानदंड हैं। इस उद्देश्य से कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने टीमों का गठन किया है, जिनमें से प्रत्येक विशिष्ट मानदंड में प्रदर्शन का विश्लेषण करने और उसे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होगी। रविवार को प्रोफेसर राय की अध्यक्षता में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर के कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में पिछले वर्षों के सावधानीपूर्वक डेटा विश्लेषण का प्रदर्शन किया गया और एनआईआरएफ की आगामी कॉल के लिए कुछ अहम सुझाव दिये गये। टीमों ने रैंकिंग प्रदर्शन में और सुधार के लिए उपायों का प्रस्ताव रखा। रैंकिंग सेल की निदेशक प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा की शिक्षण और सीखने के संसाधनों पर ज्ञानवर्धक अंतर्दृष्टि के साथ बैठक शुरू हुई। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन का अनुसंधान और व्यावसायिक अभ्यास का विश्लेषण पेश किया गया। प्रोफेसर आरबी सिंह ने स्नातक परिणाम का विवरण बताया। प्रोफेसर पंकज माथुर ने आउटरीच और समावेशिता के लिए मूल्यवान रणनीतियों को साझा किया।

लविवि ने शुरू की क्वार्टाइल-एक्सेल योजना

कार्य परिषद ने डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन के महत्वपूर्ण प्रस्ताव को दी मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में अनुसंधान प्रकाशनों को बढ़ावा देने और शैक्षणिक उत्कृष्टता को मान्यता देने के लिए क्वार्टाइल-एक्सेल योजना शुरू की है। इस संबंध में कार्यकारी परिषद ने डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन के एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

प्रस्ताव के अनुसार नवोन्मेषी क्वार्टाइल-एक्सेल योजना विश्वविद्यालय के अध्यापकों को अनुसंधान गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में अपने शोध कार्य को प्रकाशित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। क्वार्टाइल-एक्सेल योजना विश्वविद्यालय में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई प्रकार के प्रोत्साहन और मान्यता उपाय प्रदान करती है। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने अत्याधुनिक अनुसंधान और ज्ञान सृजन को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय के समर्पण पर जोर दिया। डीन एकेडमिक्स प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि अध्यापकों को और अनुसंधान विद्वानों को स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में अपने काम को प्रकाशित करने के लिए अत्यधिक प्रोत्साहित कर रहे हैं। क्वार्टाइल-एक्सेल योजना इस दिशा में परिवर्तनकारी कदम होगी। योजना के तहत विजेताओं को प्रतिष्ठित समारोह में प्रमाणपत्र और मौद्रिक प्रोत्साहन के साथ सम्मानित किया जाएगा।

पहल

● अनुसंधान गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखते हुए स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में अपने शोध कार्य को प्रकाशित करने के लिए विश्वविद्यालय के अध्यापकों को किया जाएगा प्रोत्साहित

ये हैं योजना की मुख्य विशेषताएं

क्वार्टाइल आधारित प्रोत्साहन : संकाय सदस्यों को स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं की क्वार्टाइल रैंकिंग के आधार पर विशिष्ट प्रोत्साहन प्राप्त होगा, जिसमें उनका शोध प्रकाशित होता है। उच्च क्वार्टाइल रैंकिंग उच्च प्रोत्साहन के साथ जुड़ी होगी, जो शीर्ष स्तरीय प्रकाशनों के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेगी।

प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार : क्वार्टाइल-एक्सेल शीर्ष 50 स्कोपस अनुक्रमित पत्रिकाओं में प्रकाशन प्राप्त करने वाले अध्यापकों को प्रतिष्ठित प्रकाशन उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान करेगा। ये पुरस्कार विश्वविद्यालय के अध्यापकों को उनके अत्यंत महत्वपूर्ण अनुसंधान योगदान की लिए सम्मानित करेगा।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग निधि : यह योजना स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ संयुक्त अनुसंधान के संयुक्त प्रकाशन के लिए पुरस्कार प्रदान करके अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित करेगी।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

एनआईआरएफ और क्यूएस विश्व रैंकिंग को लेकर बैठक

लखनऊ। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) और क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग दोनों में उच्च रैंक हासिल करने की दिशा में लखनऊ विश्वविद्यालय केंद्रित यात्रा शुरू कर रहा है। कुलपति आलोक कुमार राय ने डेटा विश्लेषण के लिए समर्पित टीम द्वारा की गई प्रगति को लेकर विचार विमर्श किया। एनआईआरएफ रैंकिंग में पांच महत्वपूर्ण मानदंड शामिल है। इस उद्देश्य से श्री राय ने टीमों का गठन किया है, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट मानदंड में प्रदर्शन का विश्लेषण करने और उसे बढ़ाने के लिए जिम्मेदार है। रविवार को श्री राय की अध्यक्षता में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

प्रस्तुतियों में पिछले वर्षो के डेटा विश्लेषण का प्रदर्शन किया गया और एनआईआरएफ की आगामी